हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

12 राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ...



12 बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन ...





## खबर संक्षेप



### चाकू से हमला, आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम बेलसोंडा में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को बेलसोंडा के राकेश पारधी ने बताया कि 20 मई की दोपहर 3 बजे वह अपने घर के बाहर गली में बैठा हुआ था। इसी दौरान मोहल्ले के जितेश पारधी आया और बिड़ी और माचिस मांगने लगा, जब उसने नहीं है कहा तब गाली गलौज करते हुए उसने अपने पेंट के जेब में रखे चाकू को निकाला और उस पर वार करने लगा। जब उसने बचाव किया तब चाकू के वार से बाएं हाथ की कलाई में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम मुढ़ेना युवक के साथ मारपीट करने वालेआरोपियों के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को डुमेश्वर निषाद ने बताया कि 19 मई की रात को 8 बजे वार्ड नं 10 दुर्गा चौक ग्राम मुढेना में बैठा था, तभी गांव के रोशन निषाद , भुरू निषाद और कामदेव निषाद वहां पर आए। तभी रोशन ने मेरी बहन से क्यों बातचीत करता है कहकर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद तीनों ने हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट की। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कत्लखाना ले जाए जा रहे बैलों को छुड़ाया गया

**महासमुंद**। बैलों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए ओडिशा के कत्लखाना ले जाने वाले आरोपी के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बागबाहरा के जगमीत राय ने रिपोर्ट लिखाई है कि वह 21 मई को अपने दोस्तों के साथ सुबह कोमाखान, कुलिया, बंधापार, गोयनाबाहरा की ओर घूमने गया था, तभी एक व्यक्ति 02 बैल को गोयनाबाहरा अमरैय्या की ओर से मारते-पीटते क्रूरतापूर्वक बिना चारा पानी दिये ले जा रहा था, जिसने पूछताछ में अपना नाम कार्तिकराम पिता स्व बुधराम (50 साल) निवासी पंडराचुंआ थाना कोमाखान का रहने वाला बताया। जिसने दोनों बैल को ओडिशा कत्लखाना ले जाना बताया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधि. 2004 की धारा 4, 6, 10 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# कोडार और केशवा बांध का जलस्तर तेजी से घटा, गहरा सकता है जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण जिले के दो सबसे बड़े बांधों कोडार बांध और केशवा बांध का जलस्तर तेजी से नीचे गिर रहा है। पानी के इस लगातार कम होते स्तर ने आने वाले दिनों के लिए चिंता बढ़ा दी है। यदि अगले कुछ दिनों में मानसून की बारिश नहीं होती है, तो जिले में पानी का बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। जिले के प्रमुख शहीद वीर नारायण सिंह कोडार बांध में पानी की स्थिति लगातार कम होती जा रही है। अप्रैल महीने के अंत तक इस बांध में 12.80 फीट पानी सुरक्षित था। लेकिन, मई की भीषण गर्मी और तेज वाष्पीकरण (पानी का भाप बनना) के कारण इसका जलस्तर घटकर अब केवल 11.40 फीट रह गया है। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान में कोडार बांध में उसकी कुल क्षमता का केवल 20 प्रतिशत पानी ही बचा है। बांध का यह हिस्सा सूखने की कगार पर पहुंच रहा है, जिससे सिंचाई और पेयजल आपूर्ति दोनों पर सीधा असर पड़ने की संभावना है। पिछले कुछ हफ्तों से महासमुंद में तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे बांधों का पानी तेजी से सूख रहा है। गर्मी के मौसम में फसलों और घरेलू उपयोग के लिए पानी की मांग बहुत ज्यादा बढ़ जाती है इन कारणों से दो बड़े बांधों का जलस्तर लगातार घट रहा हैं।

## पानी के लगातार कम होते स्तर ने आने वाले दिनों के लिए बढ़ा दी चिंता

### केशवा बांध की स्थिति और भी गंभीर

कोडार बांध के मुकाबले केशवा बांध की स्थिति और भी ज्यादा चिंताजनक बनी हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, केशवा बांध में इस समय केवल 11.20 फीट पानी ही बचा है। अगर प्रतिशत के हिसाब से देखा जाए, तो इस बांध में अब अपनी कुल क्षमता का मात्र 8 प्रतिशत पानी ही शेष रह गया है। बांध का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह सूख चुका है और जमीन दिखाई देने लगी है। इतनी कम मात्रा में पानी बचने के कारण वन्यजीवों और आस-पास के गांवों के लिए पानी की व्यवस्था करना एक बड़ी चुनौती बन गया है।



### आने वाले दिनों में बढ़ सकती है परेशानी

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। दोनों बांधों में बचा हुआ पानी अब बेहद सीमित है। अगर जून के शुरुआती हफ्तों में बारिश नहीं होती है, तो स्थिति गंभीर हो सकती है। प्रशासन अब बचे हुए पानी को केवल अत्यंत जरूरी कामों और पीने के लिए सुरक्षित रखने की योजना बना रहा है, ताकि लोगों को कम से कम पीने का पानी मिलता रहे।

## कहर : जिले में तापमान 42 डिग्री के पार, बढ़ी गर्मी

# भीषण गर्मी, लू का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मौसम विभाग ने आगामी 5 दिनों के लिए क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू (हीटवेव) का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है। इस बीच जिले में पारा 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

स्थिति यह है कि दिन के साथ-साथ रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। गर्म हवाओं के कारण रात का न्यूनतम तापमान भी 30 से 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। इस साल की गर्मी ने पिछले कुछ वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं, जिसके कारण घरों और दफ्तरों में लगे कूलर और एसी भी बेअसर साबित हो रहे हैं। जिले में सुबह करीब 8 बजे से ही तेज धूप का असर दिखने लगता है।

सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच ही तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, जबकि दोपहर बाद 4 से 5 बजे के बीच यह 42 डिग्री या उससे ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिका के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव आया है। आगामी 4 से 5 दिनों तक मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा, जिससे गर्मी और बढ़ेगी।

### जनजीवन बुरी तरह प्रभावित



### बाजारों में सन्नाटा, पेय पदार्थों की मांग बढ़ी

दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। लोग तीव्र धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए गन्ने का रस, लस्सी, नींबू पानी और आम पना जैसे ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। इसके चलते शहर की जूस और ठंडे कटीले फलों की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि अचानक तेज बुखार आना, त्वचा का सूखा या लाल होना और पसीना आना बंद होना लू के लक्षण हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

### जरूरी न हो तो घर से न निकलें

भीषण गर्मी और लू के खतरों को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। शासन ने अपील की है कि दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच, जब धूप सबसे तेज होती है, जरूरी काम न होने पर घरों से बाहर न निकलें।

यदि बाहर जाना बहुत आवश्यक हो, तो अपने पूरे शरीर और चेहरे को कपड़े से ढंककर ही निकलें। आंखों के बचाव के लिए चश्मे का उपयोग करें। शरीर में पानी की कमी न होने दें और लगातार पानी पीते रहें।

# घोघरा गांव में पागल सियार के हमले से दहशत, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम घोघरा और आसपास के इलाकों में इन दिनों दहशत का माहौल है। एक पागल सियार, जो खेतों और गांव के आसपास घूम रहा है, बेहद आक्रामक हो चुका है और सामने आने वाले लोगों पर सीधा हमला कर रहा है।

इसके डर से ग्रामीणों का अपने घरों से निकलना और खेतों में जाना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार 22 मई को इस सियार ने गांव के पास अलग-अलग स्थानों पर लगभग पांच लोगों पर हमला कर उन्हें काट लिया। सियार के हमले में घायल हुए लोगों को शारीरिक चोटें आई हैं, जिनकी तस्वीरें भी सामने आई हैं। घायलों को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया और उन्हें रैबीज के इंजेक्शन लगाए गए। इस घटना के बाद से पूरे घोघरा गांव में डर का माहौल बना हुआ है।



### खेती-किसानी का काम प्रभावित

यह समय खेतों की तैयारी और अन्य कृषि कार्यों का है, लेकिन सियार के खौफ के कारण ग्रामीण अपने खेतों की ओर जाने से बच रहे हैं। सियार लगातार गांव की सड़कों और खेतों के आसपास देखा जा रहा है। ग्रामीणों को सबसे ज्यादा चिंता अपने बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर है, क्योंकि वे खुद का बचाव करने में पूरी तरह सक्षम नहीं हैं।

### ग्रामीणों ने जारी की सतर्कता की अपील

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए घोघरा के ग्रामीणों ने एक-दूसरे को सतर्क रहने को कहा है। इसके साथ ही आसपास के गांवों से आने-जाने वाले राहगीरों से भी अपील की गई है कि वे इस मार्ग पर अकेले न निकलें। खेतों की तरफ जाते समय समूह में रहने और हाथों में सुरक्षा के लिए लाठी-डंडे रखने की सलाह दी जा रही है।

### वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग

घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की टीम को जल्द से जल्द गांव और आसपास के खेतों में तलाशी अभियान चलाना चाहिए और इस आक्रामक सियार को पकड़कर पिंजरे में बंद करना चाहिए, ताकि किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके। इसके साथ ही प्रभावित ग्रामीणों ने मांग की है कि घायल लोगों के मुफ्त इलाज और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। फिलहाल, वन विभाग के अधिकारी मामले की जांच और आवश्यक कदम उठाने की बात कह रहे हैं।

# सुशासन तिहार के तहत औचक निरीक्षण में कमरौद पहुंचे मुख्यमंत्री





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार में औचक तौर पर जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम कमरौद पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह एवं विशेष सचिव रजत बंसल मौजूद रहे। कमरौद पहुंचने पर मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदेश के मुखिया का अभिनंदन किया। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट किया।

इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, भाजपा महामंत्री थान सिंह दीवान एवं अलका चंद्राकर सहित कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार में शामिल होने बस से रवाना हुए अधिकारी

इसके पूर्व कलेक्ट्रेट परिसर से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम को शिविर के लिए बस से रवाना किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक बस यात्रा के जरिए ईंधन संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं शासकीय कार्यों में मितव्ययिता का संदेश दिया गया।

### बस यात्रा को प्राथमिकता देने की पहल

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं संसाधनों के समुचित उपयोग को लेकर लगातार अपील की जा रही है। इसी के मद्देनजर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामूहिक रूप से बस के माध्यम से शिविर स्थल तक भेजने की पहल की गई है। इस दौरान अधिकारियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए भविष्य में भी सुशासन तिहार एवं अन्य शासकीय कार्यक्रमों में सामूहिक बस यात्रा को प्राथमिकता देने की बात कही।



### जमीन विवाद, बेटे ने मां-बाप से की मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम तरेकेला में जमीन विवाद को लेकर एक युवक ने अपने मां-बाप से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को रूपसाय मनहर निवासी तरेकेला ने बताया कि 22 मई को करीबन 12 बजे ग्राम तरेकेला में सोनू खुंटे के घर के पास मेन रोड पर उसके छोटे बेटे शोभाराम मनहर द्वारा जमीन के बंटवारा के संबंध में मुझे एवं अपनी मां हीरामोती मनहर के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115 (2), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जमीन विवाद, दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद**। जमीन विवाद को लेकर झलप के श्याम नगर में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने के मामले में पटेवा थाने में काउंटर रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

पहले पक्ष की रिपोर्ट को लेकर पटेवा पुलिस ने बताया कि ग्राम झलप के भूपेंद्र चंद्राकर पिता तुलाराम चंद्राकर ने एफआईआर दर्ज कराया है कि श्याम नगर झलप स्थित मेरी जमीन खसरा नंबर 375/1, 375/2 रकबा 0.15 एवं 0.25 हे. है, जिसमें से रंजीत पिता महंगू ने 0.04 हे. पर कब्जा कर लिया है, जिसे छुडाने के लिए वह 21 मई की सुबह करीबन 07 बजे गया था, तभी करीबन 8 बजे बलविंदर सिंह एवं वरियाम सिंह सलूजा वहां पर आये और बोलने लगे कि यह जमीन हमारा है, क्यों तोड रहे हो, जिस पर उसने कहा कि ये मेरी जमीन है। ऐसा कहने पर दोनों गालियां देते हुए जान सेमारने की धमकी देने लगे। जिसके संबंध में थाना में शिकायत करने आया था, लेकिन समय अधिक होने से चाय, नाश्ता के लिए वह, अपने भाई मोहित एवं लड़का काव्य के साथ पटेवा जा रहे थे। दोपहर करीबन 3 बजे प्रीतम हार्डवेयर पटेवा के सामने सीटू सलूजा, यूनुस खान, राजा खोशा, गजेंद्र ध्रुव, ऋषु सलूजा, मिलउ ध्रुव, रजनीश, आर्यन सिन्हा, समीर खान, जावेद खान, आदर्श कोसरिया एवं अन्य 10-15 लोग अलग-अलग 6 कारों में आये और मुझे एवं मेरे भाई मोहित, मेरे पुत्र काव्य चंद्राकर को गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। जिसमें मेरे पैर, सिर में, काव्य को हाथ, पीठ और जबड़े में एवं मोहित को पेट में चोंट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 191(2) बीएनएस के तहत का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की रिपोर्ट को लेकर पुलिस ने बताया कि झलप के बलविंदर सिंह सीटू पिता स्व. बहादुर सिंह सलूजा ने एफआईआर दर्ज कराया कि 21 मई की सुबह 9 बजे श्यामनगर, झलप स्थित उसके प्लॉट के बाउंड्रीवाल को भूपेंद्र चंद्राकर, तुलाराम चंद्राकर, मोहित चंद्राकर, भूपेंद्र का लड़का, भूपेंद्र का भांजा व अन्य लोग तोड़ रहे थे, जब उसने अपने भाई वरियाम सिंह के साथ जाकर मना किया, तब वे सभी एक राय होकर गालियां देते हुए हाथ झापड़ मुक्के से मारपीट किये हैं, जिससे उसका पगड़ी गिर गया और आरोपियों द्वारा मेरे बाल को खींचकर मारपीट किया गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 191(2), 324(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।






## खबर संक्षेप

### खाद की किल्लत से किसान आक्रोशित, सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में समय पर खाद न मिलने से किसानों में भारी आक्रोश है। खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को मजबूरन सोसाइटियों और सहकारी समितियों में तालाबंदी करनी पड़ रही है, ताकि पिछले वर्षों की भांति इस बार भी उन्हें समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद मिल सके। इसी कड़ी में गुरुवार को दोदेंकला, दोदेंखुर्द, मटिया, लालपुर, तर्रा, जरोदा के किसानों ने खाद के लिए तालाबंदी कर पूर्व वर्ष की भांति मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। आगामी दिनों में अगर किसानों को खाद पूरी मात्रा में पूर्व वर्ष भांति नहीं मिली तो समस्त गांवों के किसानों की बैठक कर आगे उग्र आंदोलन के लिए बैठक अतिशीघ्र बुलाने का निर्णय लिया गया है। इस मौके पर किसान नेता, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा ने बताया कि दोंदेकला सेवा सहकारी समिति में पूर्व वर्ष की भांति खाद की मांग को लेकर एकत्रित किसानों द्वारा समिति प्रभारी को जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा और रोष में समिति में तालाबंदी की गई, ताकि किसानों को बाहर के बिचौलियों से ठगी का शिकार न होना पड़े। एक तरफ सरकारी समितियों में खाद की संकट के नाम पर खाद कम दिया जा रहा है, खेती की तैयारी करना है, ट्रैक्टर से जुताई पूरी तरह से ठप है। प्रदर्शन में तिलकराम वर्मा, धुरचंद साहू, रामजी वर्मा, ईश्वर साहू, नीलकंठ साहू, चंपालाल साहू, कमल भारती, चंद्रशेखर थवाईत, कन्हैया यादव, पन्नालाल सेन, दया साहू, रूपू साहू, कुंती, रामचंद्र साहू, महेश कुमार, भारतलाल साहू आदि उपस्थित रहे।

### सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाई जा रही थीं दुकानें

**रायपुर।** जिले के तिल्दा इलाके में सरकारी भूमि पर कब्जा कर दुकानों का निर्माण किया जा रहा था। इसकी शिकायत होने पर राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार को इन दुकानों को जेसीबी मशीन से तोड़कर सरकारी भूमि को कब्जा से मुक्त कराया। दरअसल सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत सुशासन तिहार के दौरान लगे जनसमस्या निवारण शिविर में कुछ लोगों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से की थी। इस शिकायत पर मंत्री ने राजस्व विभाग को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई। तहसीलदार रामप्रसाद बघेल के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस विभाग की टीम ने बीएनबी हाई स्कूल से कॉलेज मार्ग के बीच सरकारी जमीन पर बन रही तीन अवैध दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि इस जमीन पर कोई रसूखदार कब्जा कर यहां अवैध रूप से दुकानें बनवा रहा था। मंत्री से शिकायत के बाद जब इस भूमि का तहसीलदार द्वारा सीमांकन कराया गया।

# सुबह से सूर्य की तपिश से लोग बेहाल, छांव के नीचे रुक-रुक कर करते रहे सफर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

इन दिनों नगर सहित अंचल लू की चपेट में है। शुक्रवार को दोपहर पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। इस बीच राहत भरी खबर सामने आई है। मौसम विभाग की मानें तो इस बार मानसून समय से पहले पहुंचेगा। शुक्रवार दोपहर को पारा 45 डिग्री सेल्सियस पार हो गया। यह इस गर्मी सीजन में सबसे ज्यादा है। इस भीषण गर्मी की वजह से फिर से लू ने दस्तक दे दी है। सुबह से सूर्य की तपिश से लोग बेहाल होना शुरू हो गए थे। दोपहर से शाम तक गर्म हवाएं चली। लू के ये हालात आने वाले तीन दिनों तक रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। साथ ही अधिकतम तापमान 1 से 3 डिग्री सेल्सियस और बढ़ सकता है। यानी इस साल गर्मी का रिकार्ड टूट सकता है।



### झुलसाती गर्म हवाओं से सड़कें रही सूनी

सुबह से ही भीषण गर्मी और झुलसाती गर्म हवाओं की वजह से सड़कों पर आवागमन कम रहा। सुबह और शाम की अपेक्षा दोपहर को सड़कों काफी कम ट्रैफिक दिखाई दी। हाल ऐसा रहा कि लोग पेड़ की छांव के नीचे रूक-रूक कर सफर करते भी देखे। चौक-चौराहों पर लगे शीतल पेय पदार्थ की दुकानों में अब पहले की अपेक्षा ज्यादा भीड़ बढ़ गई है। लोग राहत पाने की कोशिश में लगे हैं। पारा इतना ज्यादा हो गया है कि एसी-कूलर हांफने लगे हैं। घर हो या दफ्तर लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। कुछ देर के लिए यदि बिजली चली गई तो घर पर रह नहीं सकते। रात हो या दिन घर से बाहर निकलना पड़ रहा है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों का बुरा हाल है। अचानक बिजली कभी भी चली जाती है। ऐसे में लोगों को उमस भरी गर्मी में वक्त काट नहीं पाते।

### ऐसा है मौसम का सिनोप्टिक सिस्टमः मौसम रहेगा शुष्क

मौसम विभाग के मुताबिक एक चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्र के ऊपर समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है। एक द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से लेकर झारखंड, उत्तरी छत्तीसगढ़ और आंतरिक ओडिशा से होते हुए दक्षिणी तटीय ओडिशा तक फैला हुआ है और समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर स्थित है। पूर्वानुमानः है कि प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। एक-दो पॉकेट में ग्रीष्म लहर चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान क्रमशः 45 सेल्सियस और न्यूनतम 30 सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# देश के बूचड़खाने को बंद करने व छग में गौरक्षा के नाम पर गुंडागर्दी करने वालों के ऊपर अंकुश लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- प्रगतिशील छग सतनामी समाज ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ने देश की बूचड़खाने बंद करने व राज्य में गौ रक्षा के नाम गुंडागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि देश में वैध बूचड़खाने संचालित होने के कारण अन्य राज्यों के साथ ही छत्तीसगढ़ के मवेशियों का भी कुछ लोग खरीदी बिक्री कर चोरी छिपे मजदूरों या भाड़े के वाहनों में भेजा जाता है, जो गैरकानूनी है और पुलिस द्वारा ऐसे लोगों के ऊपर पूरी मुस्तैदी के साथ कार्रवाई कर रही है। हालांकि,



ऐसे मामलों गरीब मजदूर लोग फंस जाते हैं और बड़े रैकेट चलाने वाले सफेदपोश लोग बच जाते हैं। यदि देश में संचालित बूचड़खानों को ही बंद कर दिया जाए तो मवेशियों की अवैध खरीद फरोख्त व तस्करी रुक जाएगी। और गौ संवर्धन में भी मदद मिलेगी। चूंकि, भारत भूमि भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, संत कबीर दास और सत्य अहिंसा प्रेम के पुजारी गुरु घासीदास जैसे संत महापुरुषों के है जिनके करोड़ों अनुयायी हैं।

छत्तीसगढ़ में आए दिन मवेशियों की अवैध परिवहन या तस्करी की खबर प्रकाशित होते रहती है। जिसमें गिरफ्तार होने वालों में सभी जाति के लोग होते हैं। इसके बावजूद कथित स्वयंभू गौ रक्षक केवल सतनामी समाज को बदनाम करते हैं। समाजन ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति या जाति के लोगों द्वारा अवैध खरीद फरोख्त कर तस्करी करने वालों के ऊपर पुलिस द्वारा की जाने वाली कानूनी कार्रवाई का वे समर्थन करते हैं। लेकिन गौ रक्षा के नाम पर गुंडागर्दी अराजकता फैलाने वाले के खिलाफ है। ऐसे लोगों की गैर कानूनी गतिविधियों को रोके जाने व भविष्य में ऐसे टकराव होने की संभावना को देखते हुए गौ रक्षा के नाम पर कानून को हाथ में लेकर गुंडागर्दी करने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई करने सभी थानों को एडवाइजरी जारी करने की मांग की हैं।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, के सोनटके जिला उपाध्यक्ष, सचिव रेखराम बघेल, घनश्याम जांगड़े कोषाध्यक्ष, गणेश टंडन जिला कार्यकारिणी सदस्य, राजेश रात्रे जिलाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ, फनेंद्र बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष, सत्यप्रकाश साय, राजेश मार्कंडेय, विजय बघेल, अजय बघेल शामिल रहे।

### सुशासन दिवस पर नगर पंचायत बसना में जनसमस्याओं के निराकरण के लिए लगा शिविर



**बसना।** नगर पंचायत बसना द्वारा सुशासन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि रूप कुमारी चौधरी के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूरज सिदार, डॉ एनके अग्रवाल सहित समस्त पार्षदगण मौजूद रहे। शिविर में नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों से संबंधित लगभग 1200 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 300 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर नशामुक्ति अभियान के तहत उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने एवं समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से ठोस अपशिष्ट पदार्थों के उचित प्रबंधन एवं साफ-सफाई को लेकर नागरिकों से सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में जनहित से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का भरोसा दिलाया गया।

# छग के दृष्टिबाधित खिलाड़ियों की टीम का गुजरात फुटबाल प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

इंडियन ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा ब्लाइंड स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग सीज़न 02 का आयोजन स्पोर्ट्स एकेडमी रामपुरा जिला आनंद गुजरात में 20 से 22 मई 2026 तक आयोजित किया गया। तीन दिनों के इस मैच में आँखों की रौशनी के बिना भी खिलाड़ी अपना हुनर दिखाने के लिए गुजरात रवाना हुए।

खिलाड़ियों के हौसलों की उडान बुलंद है। उनके माता-पिता के आशिर्वाद, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन एवं स्वयं के हौसले एवं जज्बे से संघर्षो से भरी राहों पर कभी हार नहीं माना है। छत्तीसगढ़ की टीम में महासमुंद जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों में भूपेन्द्र पटेल, नोहर ध्रुव, ईशान भोई, लक्की यादव, उमाशंकर गोलकीपर समीर कुमार यादव बालिका टीम में प्रिति यादव, देव मोती, मोनिका सिदार, ज्योति निषाद, गोलकीपर उमेश्वरी साहू एवं टीम गाईड रनर में सेवन साहू एवं कोच व टीम मैनेजर निरंजन साहू शामिल है। छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने अपने पहले मुकाबले में अनुभवी महाराष्ट्र से 01-00 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे मुकाबले में गुजरात ने छत्तीसगढ़ को 01-00 से हराया, तीसरे मुकाबले से छत्तीसगढ़ ने मध्य प्रदेश से ड्रा मैच खेला, आखिरी मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने कर्नाटक से भी बराबरी में मुकाबला समाप्त किया। बालिका टीम में छत्तीसगढ़ को महाराष्ट्र ने 08-00 से हराया। जिले के खिलाड़ियों के ब्लाइंड स्पोर्ट्स प्रीमियर लीग में चयनित होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही, विश्वनाथ अग्रवाल, पारस चोपड़ा, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ पुरेंद्र चंद्राकर, जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव तोरण यादव, विजू पटनायक, पुष्पेंद्र चंद्राकर, अपूर्व पांडे, सविता निषाद, आकाश जैन, अतुल बग्गा, भोजराम वर्मा, हरीश पांडे, भूमिका यादव, रश्मि साहू, दिव्यलोचन साहू, भेखलाल साहू, तुलसीराम बरिहा, दिलेश्वर चंद्राकर, मायाराम पटेल, किशोर मोहंती, विकास बग्गा, डॉ. सुनील कुमार भोई, लक्ष्मीप्रिया साहू, फॉर्चून फाउंडेशन विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टॉफ ने हर्ष जताया है।




# महंगाई और रोजगार संकट के खिलाफ शहर कांग्रेस का बाजारों में जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा महंगाई और रोजगार संकट के विरोध में स्थानीय बाजारों में एक विशेष जनसंपर्क और विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर तथा उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों और आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा।

शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय किराना बाजारों में पहुंचकर केंद्र व राज्य सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने बाजार में खरीदारी करने आए आम उपभोक्ताओं और दुकानदारों से सीधे बातचीत की। ग्राहकों ने बताया कि खाद्य तेल, दालें और रोजमर्रा के राशन की कीमतें दोगुनी होने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। किराना व्यवसायियों ने अपनी चिंता साझा करते हुए कहा कि महंगाई के कारण लोगों की क्रय शक्ति घटी है, जिससे दुकानदारी आधी रह गई है।



### सराफा बाजार ठप, कारीगरों के सामने रोजी-रोटी का संकट

किराना बाजार के बाद कांग्रेस का दल सराफा लाइन पहुंचा। वहां नेताओं ने सराफा कारोबारियों और आभूषण बनाने वाले स्थानीय कारीगरों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को समझा। सराफा व्यापारियों ने बताया कि लगातार बढ़ती कीमतों और बाजार की अनिश्चितता के कारण व्यापार पूरी तरह ठप पड़ा है। आभूषण निर्माण से जुड़े कारीगरों ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि काम न मिलने से उनके सामने परिवार के भरण-पोषण और रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

### कांग्रेस का बयानः जनता की लड़ाई सड़क पर लड़ेंगे

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज हर वर्ग परेशान है। व्यापारी वर्ग मंदी से जूझ रहा है, मजदूर और कारीगर बेरोजगार हो रहे हैं, और आम जनता महंगाई की चक्की में पिस रही है। कांग्रेस कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही महंगाई पर लगाम नहीं कसी गई और छोटे व्यापारियों व कारीगरों को राहत नहीं दी गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, तुलसी साहू, शहर महामंत्री निर्मल जैन, मुस्ताक खान, देवेश शर्मा, हार्दिक सोना, तबरेज खान, श्रीमती ममता चंद्राकर, नितेंद्र बैनर्जी, अमन चंद्राकर, श्रीमती लक्ष्मी सोनी, गुलशन साहू, रिंकू चंद्राकर, जय देवांगन, डॉ एजाज नकवी, गोपी तारक, अनीश राजवानी, राजेश नेताम, मोती साहू, अनुराग चंद्राकर, बिट्टू साहू, युवराज साहू, लोकेश मांझी, सुरेंद्र ठाकुर, गौरव चंद्राकर, राकेश यादव, मोंटी, मिहिर साहू, सचिन कुमार, तुलसी देवदास, भानू सोनी सहित भारी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता व आम नागरिक उपस्थित रहे।

### भाजपा बोली- प्रदेश में बढ़ते अपराध के पीछे कई कांग्रेसी नेताओं का हाथ

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ विजय शंकर मिश्रा ने कहा, प्रदेश में बढ़ते अपराध के पीछे कई कांग्रेसी नेता और उनके कार्यकर्ताओं का हाथ होता है। छत्तीसगढ़ में लोग शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत करें यह कांग्रेसी नेता नहीं चाहते। अपराध करने की आदी हो चुकी कांग्रेस पार्टी के कई नेता अब अपने घर में काम करने वाले लोगों को भी अपराधी बनाने का काम कर रहे हैं और उन्हें प्रदेश में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के लिए तैयार कर रहे हैं।



डॉ मिश्रा ने कहा, भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक से मोबाइल लूटने वाला आरोपी का एक सीनियर कांग्रेस लीडर के घर आना-जाना था। अपराधी के पिता भी कांग्रेस नेता के घर काम करते हैं। जो इस बात को साबित करती है कि हर अपराध के पीछे कांग्रेस एवं कांग्रेसी नेताओं का हाथ होता है। डॉ मिश्रा ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं पर केंद्रीय जांच एजेंसियों और स्थानीय पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में कार्रवाई की गई है। इनमें कई कांग्रेसी नेता का नाम बड़े घोटालों से लेकर स्थानीय स्तर के वित्तीय और अन्य अपराधों के मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कोयले घोटाले से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा छत्तीसगढ़ में करीब 540 करोड़ के कथित कोयला लेवी घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई।

# रायपुर में कमिश्नरी फेल, अब दुर्ग बिलासपुर में करेंगे लागू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, अपराधों में नियंत्रण का नाम लेकर रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू की गयी, 5 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती की गयी। उसके बाद भी अपराधों में कोई नियंत्रण नहीं हुआ।

आज भी लूट, चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। रायपुर में फेल सिस्टम को भाजपा सरकार दुर्ग, बिलासपुर में भी लागू करने जा रही है। प्रदेश में बढ़ते अपराध के लिए गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाना चाहिए। बीमारी कुछ है, इलाज कहीं और ढूंढा जा रहा। उन्होंने कहा, रायपुर पुलिस कमिश्नरी, वसूली कमिश्नरेट बन गया है। राजधानी की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था को सुधारने के नाम पर सरकार ने राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू की थी, राजधानी की कानून व्यवस्था में कोई सुधार तो नहीं हुआ, कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के कारण नागरिकों की परेशानी जरूर बढ़ गई। अपराध और अपराधी तो बेलगाम हैं ही, अब सड़क पर पुलिस का चालान नागरिकों में एक नया खौफ पैदा कर रहा है।



कमिश्नरी प्रणाली का काम केवल ट्रैफिक के नाम पर वसूली करना मात्र ही है। क्या पुलिस अपराधों के नियंत्रण तथा पुलिस की गश्ती व्यवस्था को सुधारने गली, मुहल्ले में पुलिस के संरक्षण में बिक रहे सूखे नशे के कारोबार पर भी रोक लगाना भी है, पुलिस की पूरी सक्रियता केवल चालान भेजने और वसूली करने तक है? किसी चौराहे पर लोगों की मदद करते पुलिस का कोई बड़ा अधिकारी कभी नहीं दिखता है।

### दोंदे मंडल के पदाधिकारियों ने मनाई पुण्यतिथि, किया याद



**रायपुर।** धरसींवा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले दोंदे मंडल के पदाधिकारियों ने गुरुवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री और 'भारत रत्न' राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई। साथ ही उन्हें नमन किया। इस मौके पर रायपुर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी पूर्व जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने उनके ऐतिहासिक कार्यों को याद करने हुए बताया कि उन्होंने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की, जिससे देश के युवाओं को लोकतंत्र में सशक्त भागीदारी मिली। इसके अलावा उन्होंने जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया। साथ ही भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति की नींव रखकर देश को 21वीं सदी के लिए तैयार किया। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का ऐतिहासिक कदम उन्हीं के विजन का हिस्सा था। इस अवसर पर आतंकवादी विरोधी दिवस के रूप में संकल्प लिया गया और शीतल पेय वितरित किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, जनपद सदस्य-मंडल उपाध्यक्ष भगत बंजारे, दीपा साहू, रामचन्द साहू, सूर्यप्रताप बंजारे, मंशा निर्मलकर, सरवन निषाद, संत सोनवानी, सतेन्द्र चेलक, हेमंत बंजारे, संतूराम साहू, सुरेश, लखन शिवदयाल, निलेश जांगड़े, मनीष वर्मा, गगन वर्मा, प्रेमीन बंजारे, चंपा साहू सहित बड़ी संख्या में बूथ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता की उपस्थित थे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, आतंकवाद के खिलाफ ली शपथ

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन एवं रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने ऐतिहासिक कांग्रेस भवन पहुंचकर राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। रायपुर ग्रामीण के सभी 11 ब्लॉकों में भी राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके देश के प्रति योगदान को याद करते हुए आतंकवाद के खिलाफ शपथ भी ली। जिला अध्यक्ष राजेंद्र "पप्पू" बंजारे ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता, अखंडता एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और युवाओं को नई दिशा देने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। उनकी शहादत को देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी राजीव गांधी जी के विचारों और देशहित के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में धरसीवा से आशीष वर्मा, खरोरा से अश्वनी वर्मा, तिल्दा शहर से आजितेश शर्मा, बलदाऊ साहू, बिरगांव से योगेंद्र सोलंकी, अभनपुर से विद्याभूषण सोनवानी, नयापारा ग्रामीण से गिरधारी साहू, नयापारा शहर से रामा यादव, आरंग से कोमल साहू, चंदखुरी से ओम प्रकाश यादव एवं आरंग शहर से खिलावन निषाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को किया नमन



*नगर निगम के संस्कृति विभाग द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर पुराना फायर ब्रिगेड चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी और संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।*

# पथ संचलन का किया स्वागत

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित घोष वर्ग का पथ संचलन नगर के मुख्य मार्ग पर वाद्य यंत्र के साथ निकला। जिसका विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर पालिका के सामने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, मीडिया प्रभारी आनंद साहू, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष लोकेश दावड़ा, नगर सहमंत्री प्रदीप वर्मा, ग्रामीण प्रखण्ड उपाध्यक्ष कौशलेंद्र चंद्राकर, समकित मालू, राहिल गुप्ता, गुड्डा सिन्हा, चंदन नेताम सहित बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



### अश्लील वीडियो बनाकर बुजुर्ग वकील से ब्लैकमेलिंग

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने अश्लील वीडियो बनाकर बदनाम करने की धमकी देकर 50 हजार रुपए की मांग करने के आरोप में एक नाबालिग सहित आधा दर्जन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार आरोपी राखी थाना क्षेत्र के नवागांव के रहने वाले हैं। बदमाशों ने बुधवार को अश्लील वीडियो पोस्ट कर पैसों की मांग की थी। पंडरी, अशोका विहार कालोनी निवासी कृष्ण कुमार त्रिपाठी (64) से ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने तामेश्वर सोनवानी, राजकुमार कुर्रे, कोमल यादव, छोटू टंडन, सैयद सैफ अली तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। वकील ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को शाम साढ़े पांच बजे के करीब उसके मोबाइल में एक मिस कॉल आया।

## आयोजन: पुरुषोत्तम मास में घी, तिल या कोए के तेल से करें दीपदान, कथा में पुरुषोत्तम माह को बताया खास

# दीपदान करने से जन्म-जन्मांतर के कट जाते हैं पाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भागवत कथा आयोजन समिति महासमुंद द्वारा जगन्नाथ पुरी धाम में आयोजित भागवत कथा का रसपान कराते हुए व्यास पीठ से आचार्य पंकज तिवारी ने भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का बखान करते हुए पूतना, शकटासुर, नामकरण संस्कार, माखन चोरी, गोकुल से वृंदावन आगमन, बकासुर धेनुकासुर, अगासुर, कालिया मर्दन, गोवर्धन पूजा आदि का विस्तार से बखान करते हुए पुरुषोत्तम माह में दीपदान का विशेष महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जो फल जप तप से नहीं मिलता वह पुरुषोत्तम मास में केवल दीपदान करने से ही मिल जाता है। इसलिए प्रत्येक प्राणियों को जलाशय, देवालय में भगवान पुरुषोत्तम के नाम से दीपदान अवश्य करना चाहिए। दीपदान करने से जन्म-जन्मांतर के सभी पाप कट जाएंगे। दीपदान के लिए तिल के तेल, घी या कोवा के तेल का विशेष महत्व है।

उन्होंने मणिग्रीव की कथा का रसपान कराते हुए कहा कि बुरे कर्मों के कारण मणिग्रीव को परिजनों ने छोड़ दिया था। वह वन में रहकर अपनी पत्नी के साथ जीवनयापन कर रहा था। एक दिन मूर्छित अवस्था में उन्हें एक साधु मिला। जिसे वह अपने घर ले आया, मूर्छा टूटने पर साधु ने पूछा कि तुम कौन हो। मैं तो जंगल में रहा, भड़काने के कारण मूर्छित हो गया था। इस पर मणिग्रीव ने अपना परिचय देते हुए साधु से फलाहार ग्रहण करने का निवेदन किया। साधु ने कहा कि हर जगह फलाहार





नहीं कर सकता, लेकिन तुमने अपना वास्तविक परिचय दिया है, इसलिए तुम चित्त शुद्ध हो इसलिए फलाहार अवश्य ग्रहण करूंगा। साधु से उन्होंने कल्याण का मार्ग पूछा तो साधु ने कहा कि तुम वन में रहते हो और जो भोजन ग्रहण कर रहे हो वह सात्विक नहीं है। तुम्हें यहां जो मिलता है वही तुम ग्रहण कर रहे हो इसलिए तुम दो माह बाद जब पुरुषोत्तम मास आएगा तो दीपदान करना, अवश्य ही कल्याण होगा। साधु के बताए अनुसार मणिग्रीव ने दीपदान किया, जिससे उसका कल्याण हुआ और अगले जन्म में उसने चित्रबाहु राजा के रूप में जन्म लिया। आचार्य पंकज ने बताया कि आहार की शुद्धि आवश्यक है, यदि परिस्थितिजन्य कारणों से आहार दोष पूर्ण हो जाए तो उसके निवारण के लिए चंद्रायण व्रत करना चाहिए। यानी चंद्र की कला के अनुसार व्रत करना चाहिए, 15 दिनों तक एक-एक कौर बढ़ाते हुए खाना। पहले दिन एक कौर और दूसरे दिन दो कौर इस प्रकार बढ़ते हुए क्रम से भोजन करना चाहिए। 15 दिनों बाद एक-एक कौर घटाते हुए भोजन करना ही चंद्रायण व्रत कहलाता है। भगवान कृष्ण ने वृंदावन वासियों को प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए गोवर्धन पूजा शुरू कराया। इंद्र को अपनी शक्ति का अभिमान हो गया था, गोवर्धन पूजा के माध्यम से इंद्र का घमंड चूर किया और साथ ही लोगों को प्रकृति के संरक्षण का महत्व बताया।

### ब्रह्मांड दान का प्रतीक है मालपुआ का दान

पुरुषोत्तम मास की व्रत करने के बाद पूर्णता के लिए ब्रह्मांड का दान करना चाहिए। कहा गया है जो देते हैं वह हमें प्राप्त होता है, सम्मान देने से सम्मान, दुख देने से दुख की ही प्राप्ति होगी। इसलिए जैसा चाहते हो वैसा आचरण करना चाहिए। ब्रह्मांड हमारा नहीं है, इसलिए प्रतीक के तौर पर मालपुआ का दान करना चाहिए। कांसे के पात्र में 33 मालपुआ रखकर उसे सात बार धागे से बांधकर दान करें यह ब्रह्मांड दान का प्रतीक है। 33 मालपुआ 33 कोटि देवता के प्रतीक है। 33 कोटि देवता में 11 रूद्र 12 आदित्य और 10 दिगपाल हैं। इसे ही 33 कोटि देवता कहा गया है।

### रथ यात्रा को दंडवत प्रणाम करने वाले के सारे पाप कट जाते हैं

भगवान जगन्नाथ ही एक ऐसे देव है जो अचल मूर्ति के रूप में विराजमान रहकर गर्भगृह से भक्तों को दर्शन देने निकलते हैं। इसलिए रथ यात्रा का विशेष महत्व है। पुरी में जो गुंडिचा मंडप है, वह भगवान का जन्म स्थान है। भगवान जगन्नाथ की जिस वृक्ष से पहली बार प्रतिमा बनाई गई थी, वह गुंडिचा मंदिर में ही मिला था। इस लगाव के कारण ही भगवान प्रतिवर्ष अपनी जन्मस्थली रथ यात्रा के रूप में पहुंचते हैं। महाप्रभु का जब रथयात्रा निकले तो प्राणियों को दंडवत प्रणाम करना चाहिए। दंडवत प्रणाम करने से ही प्राणी सभी पापों से मुक्त हो जाता है। इसी तरह जय घोष करने वाले को विजय की प्राप्ति होती है। रथ यात्रा का आगे जो नृत्य करते चलते हैं उसे भगवान महाप्रभु मोक्ष प्रदान करते हैं। चंवर करने वाला या भगवान पर पुष्प वर्षा करने वाले को ब्रह्म लोक की प्राप्ति होती है। चंवर का महत्व बताते हुए तिवारी ने कहा जो भी संकट आने वाला होता है, वह तेज हवा की झोंके की तरह चला जाता है। इसलिए अपने आराध्य को चंवर अवश्य करना चाहिए। रथ यात्रा में भगवान की सेवा में जो दान करते हैं उसे भूमि दान का फल प्राप्त होता है।

## खबर संक्षेप



### तोषगांव पीएचसी में 25 बालिकाओं को एचपीवी का टीकाकरण

**सरायपाली।** कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान ने गति पकड़ ली है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले में पात्र बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में पीएचसी तोषगांव में आयोजित टीकाकरण सत्र में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी 25 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई, जिनकी जन्म तिथि 02 फरवरी 2011 से 21 मई 2012 के बीच है। यह टीका भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इस टीकाकरण अभियान में ग्राम गोहरापाली के वरिष्ठ नागरिक हीरालाल प्रधान ने अपनी बिटिया अंशिका प्रधान को व ग्राम तोरेसिंहा की सरपंच सुनीता कुम्हार ने स्वयं अपनी बेटी को वैक्सीन लगवाकर लोगों को प्रेरित किया। उनके प्रयासों से ग्राम की अन्य बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक टीकाकरण कराया उनके द्वारा आम नागरिकों को संदेश दिया गया है कि बालिकाओं को किसी भी तरह अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है समय पर टीका अवश्य लगवाए।

### 2 वार्डों में 2.52 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**रायपुर।** रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने महापौर मीनल चौबे के साथ मिलकर गुरुवार को संत रामदास वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में एकमुश्त 2 करोड़ 52 लाख रुपए के नए विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। रामनगर कर्मा चौक से दिशा कालेज तक गंदे पानी की सुगम निकासी के लिए बड़े नाला का निर्माण कार्य कराया जाएगा। 1 करोड़ 27 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाला निर्माण का भूमिपूजन इस मौके पर

## जिले में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना कार्य अंतिम चरण में

### मात्र दो हाउस लिस्टिंग ब्लॉक शेष

**महासमुंद।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह कार्य 30 मई 2026 तक पूर्ण किया जाना है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के लिए अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी सचिन भूतड़ा तथा जिला जनगणना अधिकारी सृष्टि चंद्राकर द्वारा जिले के विभिन्न चार्ज क्षेत्रों का दौरा कर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनगणना निदेशालय से मनोज कुमार महिलांगे एवं जिला नोडल अधिकारी द्वारा पूर्ण हाउसलिस्टिंग ब्लॉकों का घर-घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों द्वारा सॉफ्टवेयर में अपलोड किए गए आंकड़ों की गुणवत्ता की जांच भी की जा रही है। अधिकारियों ने प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को निर्देशित किया कि वे डाटा की शुद्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखते हुए कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करें। जिले में कुल 1992 हाउसलिस्टिंग ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से 1990 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। तहसील बसना एवं बागबाहरा में एक-एक हाउसलिस्टिंग ब्लॉक का कार्य शेष है। शेष दोनों ब्लॉकों का कार्य 22 मई 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के लिए संबंधित चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

# लोक संस्कृति के पसंरक्षण के लिए प्रशिक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

हमारी स्थानीय संस्कृति में वह आकर्षण है जो दुनिया को अपनी ओर खींच सकता है। जब युवा कलाकार प्रशिक्षित होकर सही मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं, तो वे अपनी क्षेत्रीय पहचान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करते हैं। लोक संस्कृति के प्रभावी संरक्षण के लिए केवल उत्सवों का आयोजन काफी नहीं है, बल्कि एक सुविचारित प्रशिक्षण ढाँचे की आवश्यकता है। उक्त विचार स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति के साधारण सभा सदस्य व वरिष्ठ पत्रकार अनिल पुरोहित ने यहां लोक कलाकार संरक्षण समिति के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय लोक संगीत कार्यशाला के चौथे दिन के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए।




पत्रकार पुरोहित ने सशिमं परिसर में आयोजित कार्यशाला में कहा कि लोक संस्कृति, लोक साहित्य, लोक संगीत और लोक नृत्य किसी भी समाज की आत्मा होते हैं। ये केवल मनोरंजन के साधन नहीं हैं, बल्कि सदियों से संजोए गए अनुभवों, मूल्यों, इतिहास और जीवन शैली की जीवंत धरोहर हैं। आज के आधुनिक और वैश्वीकरण के दौर में, जब हमारी पारंपरिक पहचान धुंधली होने का खतरा मंडरा रहा है, तब युवा पीढ़ी को इन लोक कलाओं का व्यवस्थित प्रशिक्षण देना बेहद महत्वपूर्ण और प्रासंगिक हो गया है। पुरोहित ने कहा कि संस्कृति किसी भी समाज का मूल आधार होती है, और लोक कलाएं उसकी सबसे सुंदर अभिव्यक्ति हैं। जब हम अपनी लोक विधाओं को जीवित रखते हैं, तो हम वास्तव में अपने अस्तित्व को जीवित रखते हैं। यदि नई पीढ़ी को इनका सही और तकनीकी प्रशिक्षण नहीं दिया गया, तो ये अमूल्य विधाएं लुप्त हो जाएंगी। प्रशिक्षण ही वह माध्यम है जो अतीत के गौरव को भविष्य से जोड़ता है। इस लिहाज से लोक कला संरक्षण समिति के इस आयोजन की सराहना की।

कार्यक्रम को बतौर विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता गिरिजा साहू ने संबोधित करते हुए लोक कला संरक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को इसका प्रशिक्षण देने से उनमें सामाजिक जुड़ाव बढ़ता है। यहां से प्रशिक्षित लोक कलाकार भारतीय कला-संस्कृति के विविध पहलुओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएंगे और आपसी भाईचारे और समरसता के प्रकटीकरण में अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में युवा व्यवसायी व समाजसेवी विनोद साहू, नेतूराम साहू और सहकारी बैंक में कार्यरत सिन्हा भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 जनभागीदारी सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- जिला पंचायत सीईओ नंदनवार ने किया जल संरक्षण संरचनाओं का निरीक्षण

आज मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 अंतर्गत जिले में आयोजित जनभागीदारी सप्ताह के प्रथम दिवस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर जनभागीदारी से निर्मित जल संरक्षण संरचनाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए प्रत्येक घर में सोखता गड्ढा निर्माण कराने तथा ग्राम पंचायतों में उपयुक्त स्थलों पर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से संबंधित लघु संरचनाओं का निर्माण कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन का कार्य नहीं, बल्कि जनसहभागिता से जुड़ा जन आंदोलन है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नंदनवार ने जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनभागीदारी सप्ताह अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में जल संवर्धन के लिए विविध प्रकार की संरचनाओं का निर्माण जनसहभागिता से कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के नियमित निर्माण कार्यों से पृथक होंगे। उन्होंने सरपंच, पंच एवं जनप्रतिनिधियों से गांवों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने, चौपाल आयोजित कर जल संरक्षण पर चर्चा करने तथा अधिक से अधिक लोगों को श्रमदान के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही गांव की आवश्यकता के अनुरूप जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। उल्लेखनीय है कि मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 अंतर्गत आगामी 27 मई तक जिले की सभी ग्राम पंचायतों में लगभग 400 जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर विनय लंगेह ने सभी निर्मित संरचनाओं की पोर्टल में अनिवार्य रूप से एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जेठ की भीषण गर्मी में सूखने लगे तालाब ...



**नर्रा।** जेठ के महीने में इन दिनों रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और भीषण धूप का दौर जारी है। सूर्य देव की तपिश के बीच ग्रामीणों का जनजीवन अस्त व्यस्त है। इन दिनो क्षेत्र में साधन सम्पन्न वाले किसानों द्वारा रबी धान फसल की कटाई कार्य जोरशोर से चल रही है। ज्ञात हो कि खेत नमी के कारण चेन वाली हार्वेस्टर मशीन से ज्यादा कटाई चलने लगे है। वहीं कुछ गिने चुने छोटे किसान ही हाथ से यानी मजदूरों से धान कटाई करा रहे हैं। मजदूर धूप को देखते हुए सुबह से कार्य में लग जाते है। वहीं तेज धूप के कारण निस्तारी तालाबों का जलस्तर तेजी से घटने लग गया है। तेज धूप के कारण तालाबों का पानी दोपहर होते-होते पूरी तरह गर्म होने लगा है, जिससे न केवल ग्रामीणों को दैनिक कार्यों (नहाने, कपड़े धोने) में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि मवेशियों के लिए भी पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। भीषण गर्मी व तेज धूप के कारण कई निस्तारी तालाब का जल स्तर घटने लगे है। पानी गर्म होने और जलस्तर कम होने से पशुओं को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, साथ ही गंदगी भी बढ़ रही है।

## शहर में जनता से भेंट मुलाकात कर रहे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा



**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा प्रतिदिन शहर के अलग-अलग वार्डों में पहुंच रहे हैं। आमजन के बीच पहुंचकर शासन की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। राशन कार्ड, आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी भी ले रहे हैं। इसी तारतम्य में वे वार्ड क्रमांक 25 पहुंचे, जहां वार्डवासियों ने अपनी बातें विधायक के समक्ष रखी। वहीं जिन्हें केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के माध्यम से आवास एवं अन्य सुविधाएं मिल रही है, उन्होंने दोनों सरकारों का आभार भी जताया है इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य में हमारी भाजपा की सरकार अनेक लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। यह देखना हमारी जिम्मेदारी है कि इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है कि नहीं। इसलिए शहर के अलग अलग वार्डों में पहुंचकर इन बातों की समीक्षा कर रहा हूं। उन्होनें आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में विकास गति तेज हो गई है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगे भी यह सतत जारी रहेगा।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पखवाड़ा, स्टीकर अभियान का समापन

**महासमुंद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के निर्देशानुसार विश्व रेडक्रॉस दिवस वर्ष 2026 के अवसर पर आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत जिला शाखा महासमुंद द्वारा संचालित रेडक्रॉस स्टीकर अभियान का सफलतापूर्वक समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को रेडक्रॉस स्टीकर लगाकर किया गया। इसके पश्चात कलेक्टर एवं पदेन अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी विनय कुमार लंगेह को रेडक्रॉस स्टीकर लगाकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त कर अभियान को आगे बढ़ाया गया। राज्य शाखा रायपुर से प्राप्त 500 नग रेडक्रॉस स्टीकर जिले के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों को लगाकर रेडक्रॉस के मानवसेवी कार्यों के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने तथा सहयोग राशि संग्रहण का कार्य किया गया। अभियान के दौरान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के सभापति संदीप दीवान, उपाध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, अभिषेक पांडेय सहित कार्यकारिणी सदस्यों एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी शासकीय जिला चिकित्सालय, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं रेडक्रॉस राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ यशवंत चंद्राकर को रेडक्रॉस स्टीकर लगाकर अभियान में सहभागिता प्रदान की गई।

## सब-जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता : छत्तीसगढ़ की टीम में शालिनी एवं केशरी का चयन

**महासमुंद।** 31वें सब-जूनियर नेशनल बेसबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 24 से 29 मई तक भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित किया गया हैं। जिसमें जिले से 02 बालिका खिलाड़ी शालिनी मानिकपुरी पिता संतोष दास मानिकपुरी ग्राम पंचायत भोरिंग एवं केशरी साहू पिता संतोष साहू ग्राम पंचायत भोरिंग का चयन हुआ हैं। चयन पश्चात छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान बिलासपुर में 16 से 22 मई तक नेशनल कोचिंग कैंप आयोजित किया गया हैं।

विदित हो कि राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बेसबॉल संघ बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ स्कूल बिलासपुर में आयोजित किया गया था, जिसमें जिले की सब-जूनियर बालक एवं बालिका टीम शामिल हुई। बालिका टीम में शालिनी मानिकपुरी, उमेश्वरी साहू, केशरी साहू, दुर्गा साहू, दीपशिखा साहू, तन्नू साहू, कविता साहू, नीतू नेहरू, हेमलता, अवनी निषाद एवं मैनेजर ममता धीवर, गीतांजलि साहू आदि तथा बालक टीम में गगन साहू, अशद अंसारी, आशीष टंडन, अनुज सोनवानी, अमन देवदास, अनुराग ढ़िढ़ी, हिमांशु ढीढी, हर्षराज ढीढी, रितेश साय, कमलेश टंडन, निखिल भारती टीम मैनेजर निमेश मन्नाडे, अभिषेक निर्मलकर, सेवन साहू, अभिषेक नेहरू आदि शामिल रहे।



प्रशिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई ने बताया कि जिले में बेसबॉल व अन्य खेलों का अभ्यास सालभर हाई स्कूल मैदान भोरिंग एवं तुमगांव खेल मैदान में होता है। जिसमें आसपास ग्रामीण क्षेत्र से एवं नगर पंचायत तुमगांव के बच्चे बेसबॉल, सॉफ्टबॉल, रग्बी, तलवारबाजी, वॉलीबॉल, खो-खो व अन्य खेल की बारीकियों को सीखने के लिए आते हैं। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से खिलाड़ी खेल कौशल का अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल हो रहे हैं। सब-जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता भुवनेश्वर के लिए चयनित होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, शाला विकास समिति अध्यक्ष पोखन ढीढी, ओसराम ढीढी, झाड़ू राम साहू, डॉ. तुलसी राम साहू, जनकु राम साहू, प्रियंका लवेश ढीढी, कमलेश्वरी साहू प्राचार्य भोरिंग एवं समस्त स्टाफ, समस्त व्यायाम शिक्षक जिला महासमुंद, जिला संघ एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है।

## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शहर में 6 तक

**महासमुंद।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा खेल संघों एवं संस्थाओं के माध्यम से महासमुंद जिले में विभिन्न खेलों में जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 मई से 06 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में गर्मी को देखते हुए 17 मई से प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत किया गया हैं, जिसमें हैंडबॉल, बास्केटबॉल, नेटबॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, रग्बी, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, हॉकी, लॉन टेनिस, सॉफ्ट टेनिस, तीरंदाजी, ताइक्वांडो, कराते, शतरंज, योगासन, वॉलीबॉल खेल शामिल हैं। विभिन्न खेलों को संचालित करने में सहयोगी प्रशिक्षक जिसमें टेनिस एवं सॉफ्ट टेनिस खेल अंजनी साहू, हैंडबॉल सै. इमरान अली, बास्केटबॉल एवं नेटबॉल शुभम तिवारी, अभिषेक अंबिलकर, कुलेश्वर चंद्राकर, शतरंज एवं योगासन संदीप पटले, सत्यनारायण दुर्गा, बैडमिंटन खेल घनश्याम सोनी, बॉल बैडमिंटन एवं हॉकी खेल डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, लखन लाल, ताइक्वांडो खेल भीषम मांडले, कराते खेल नीलकंठ साहू, आनंद वैष्णव, वॉलीबॉल खेल गणेश राम कोसरे, तोरण यादव, फुटबॉल खेल छन्नू साहू, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, रग्बी , तीरंदाजी खेल डॉ. सुनील कुमार भोई, अभिषेक निर्मलकर, सेवन साहू, अभिषेक नेहरू, जगदीश धीवर, डॉ. पुर्नेंद्र चंद्राकर इत्यादि व्यायाम शिक्षक, प्रशिक्षक, सचिव, सीनियर खिलाड़ी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से नवोदित खिलाड़ियों को तैयार किया जाएगा, बच्चों में खेल कौशल का विकास होगा, खेलों में भागीदारी होगी, महिलाओं की भागीदारी एवं आत्मरक्षा, योगासन एवं जुंबा जैसे गतिविधियों के माध्यम से फिटनेस के साथ प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जा रहा है। जिले के खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। गर्मी को देखते हुए उक्त प्रशिक्षण शिविर सुबह - शाम दो-दो घंटे के लिए संचालित होंगे, जिसमें बच्चे अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो सकते हैं।



## खबर संक्षेप



### अज्ञात व्यक्ति का किया गया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** मुक्तिधाम सेवा समिति द्वारा अज्ञात व्यक्ति का अंतिम संस्कार किया गया। मृत व्यक्ति सिरगड़ी ग्राम में मिला था। उसे ग्रामीणों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसकी मृत्यु 20 मई को हो गई। मृत व्यक्ति की उम्र 65 वर्ष की रही होगी। उनके कोई परिजन न होने के कारण मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों को अंतिम संस्कार के लिए सौंपा गया। अंतिम संस्कार के दौरान समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जितेंद्र शुक्ला, ओम प्रकाश औसर, फगुआ पटेल, संजय साहू, डॉ एजाज नकवी, सुरेश साहू, मनोज पटेल, गुमान जैन आदि मौजूद रहे।



### खरोरा में दुर्गा चालीसा का हुआ आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शीतला मंदिर और वार्ड नंबर दो में दुर्गा चालीसा का पाठ कर महाआरती की गई। इस दौरान प्रमुख रंजीत चंद्राकर ने कहा कि भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा इस तरह के कई जगह में महाआरती का आयोजन किए जा रहे हैं। जहां लोग सामूहिक रूप से नशा न करने का संकल्प ले रहे हैं।



### प्रतिभागियों को दी गई अग्नि सुरक्षा की विविध जानकारी

**महासमुंद।** कौशल विकास केंद्र में 20 मई को सेंटर इंचार्ज संजीव के मार्गदर्शन एवं सहयोग में फायर सेफ्टी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र आकाश एवं मधु द्वारा संचालित किया गया, जिन्होंने अग्नि सुरक्षा से संबंधित सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को आग के विभिन्न प्रकार, बचाव के उपाय, आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया तथा अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षुओं एवं स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ एक प्रायोगिक प्रदर्शन भी आयोजित किया गया। समग्र रूप से यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा, जिसने अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन तैयारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने ली आतंकवाद विरोधी शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागबाहरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला

- बागबाहरा में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि बागबाहरा में शहर, ग्रामीण एवं कोमाखान कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने का संकल्प लिया।

खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजीव गांधी के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक, संचार क्रांति और विकास की नई दिशा देने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके नेतृत्व में भारत ने आधुनिक भारत की ओर मजबूती से कदम बढ़ाया। इस दौरान सभा में राजीव गांधी अमर रहें तथा जब तक सूरज चांद रहेगा, राजीव गांधी का नाम रहेगा जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लखबीर सिंह छाबड़ा ने उपस्थित कांग्रेसजनों को आतंकवाद विरोध दिवस की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने एक स्वर में शपथ ली - "हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्ण शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करते हैं। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझ-बूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली एवं विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ लेते हैं।"

कार्यक्रम में फूल सिंह ध्रुव, गणेश कुमार शर्मा, शमीम खान, विजय बंजारे, दुर्गा सागर, लोकेश कुमार दीवान, तेजन चंद्राकर, खेमराज सिन्हा, देवनाथ साहू, राजेश सोनी, चंदूलाल साहू, राजेश सिन्हा, देवेश साहू, शैलेश साहू, रमेश ठाकुर, मंता यादव, पोखराज साहू, ताम्रध्वज बघेल, जयंती चंद्राकर, हरि यादव, जीवन नायक, नवनीत सलूजा, पंकज हरपाल, शहजान पाशा, मयंक शर्मा, दिनेश मोगरे, पंचराम यादव, सुरेश पटेल, राहुल कुलदीप, रीमा यादव, नागेश्वरी, बलराम ध्रुव, राहुल यादव, सुरेंद्र कुमार यादव, पुरुषोत्तम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत सब स्टेशन स्थापना की मांग तेज, मुख्यमंत्री को सौंपा गया पुनः ज्ञापन



**महासमुंद।** बिरकोनी इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन द्वारा औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी में विद्युत सब स्टेशन स्थापना की मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम पुनः ज्ञापन सौंपा गया है। एसोसिएशन ने कहा कि बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना लगभग 17 वर्ष पूर्व हो चुकी है, लेकिन आज तक विद्युत सब स्टेशन की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है, जिससे उद्योगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि पर्याप्त विद्युत व्यवस्था नहीं होने के कारण उद्योग संचालन प्रभावित हो रहा है तथा उत्पादन कार्यों में लगातार बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। बार-बार बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से छोटे एवं मध्यम उद्योगों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र में शीघ्र विद्युत सब स्टेशन स्थापित करने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि क्षेत्र के उद्योगों को सुचारू बिजली आपूर्ति मिल सके और औद्योगिक विकास को गति प्राप्त हो। बिरकोनी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर, सचिव योगेश प्रजापति एवं कोषाध्यक्ष रामशरण गुप्ता ने इस मांग को क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया है।

# बागबाहरा ब्लॉक के 79 गांव भीषण पेयजल संकट की चपेट में, व्यवस्था सुधार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को लिखा पत्र, तत्काल हस्तक्षेप की

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के बागबाहरा ब्लॉक अंतर्गत 79 गांव इन दिनों गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को लेकर खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर तत्काल प्रभाव से व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जल जीवन मिशन के तहत क्षेत्र के अनेक गांवों में आज तक बोर खनन का कार्य पूरा नहीं हुआ है। कई स्थानों पर पानी टंकियों का निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि अनेक गांवों में पाइपलाइन विस्तार एवं नल कनेक्शन का कार्य अब तक शुरू भी नहीं हो पाया है। परिणामस्वरूप ग्रामीणों को भीषण गर्मी में दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई गांवों में स्थापित पानी टंकियां अब तक चालू नहीं हो सकी हैं, कुछ स्थानों पर किए गए बोर असफल हो चुके हैं तथा कई गांवों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लगातार बढ़ते जल संकट से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है और लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।



टेका गांव की स्थिति सबसे चिंताजनक विधायक यादव ने टेका गांव का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि वहां आज तक बोर खनन नहीं हुआ है और पाइपलाइन का कार्य भी अधूरा पड़ा है। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीण आज भी नदी का पानी पीने को मजबूर हैं। गर्मी बढ़ने के साथ गांव में पेयजल संकट विकराल रूप लेता जा रहा है।

शासन से त्वरित कार्रवाई की मांग विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देशित कर सभी प्रभावित गांवों में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए तथा अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर शासन की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल गांवों की समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना चाहिए।

# लकवाग्रस्त अमृत लाल का परिवार कच्चे खपरैल के मकान में रहने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा



शासन-प्रशासन द्वारा अंतिम छोर के व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं और पक्के मकान पहुंचाने के दावे तो किया जा रहा है लेकिन जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परसुली के आश्रित ग्राम अमनपुरी में निवासरत एक अत्यंत गरीब और बेबस परिवार आज भी एक पक्के (प्रधानमंत्री आवास) के लिए तरस रहा है।

जर्जर कच्चे खपरैल के मकान में रहने को मजबूर है। उनका पति अमृत लाल सोनवानी (47 वर्ष) पिछले कुछ सालों से लकवा (पैरालिसिस) से पीड़ित है। इस विकट परिस्थिति में परिवार के भरण-पोषण और दो छोटे बच्चों की देखरेख की पूरी जिम्मेदारी उनकी पत्नी इंद्रीतीन बाई सोनवानी के कंधों पर आ गई है। इंद्रीतीन बाई रोजाना मेहनत और रोजी-मजदूरी कर जैसे-तैसे अपने बीमार पति का इलाज करवा रही हैं और बच्चों का पेट पाल रही हैं। हैरानी की बात यह है कि जो परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से 'प्रधानमंत्री आवास योजना' का सबसे पहला हकदार है, उसे इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह गरीब। परिवार आज भी जिस कच्चे मकान में रह रहा है, उसकी हालत जर्जर है, जिससे आगामी मानसून में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।

# कुणाल को मिली जिम्मेदारी, बने छग पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के महासमुंद ग्रामीण जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन ने पिछड़ा वर्ग समाज को संगठन में मजबूत प्रतिनिधित्व देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए युवा कांग्रेस नेता कुणाल चंद्राकर को छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के महासमुंद ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवा नेताओं एवं ओबीसी वर्ग में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

यह नियुक्ति अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केशव नायक चंद्राकर के निर्देशानुसार की गई। संगठन ने कुणाल चंद्राकर के सामाजिक सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता एवं पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के पश्चात महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कुणाल चंद्राकर को कांग्रेस का गमछा पहनाकर एवं मुंह मीठा कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया तथा संगठन की मजबूती से लेकर



विश्वास जताया। अपने संबोधन में नवनियुक्त जिला ग्रामीण अध्यक्ष कुणाल चंद्राकर ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वे गांव-गांव तक पहुंचकर पिछड़ा वर्ग समाज की समस्याओं को सुनेंगे और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी द्वारा लोकतंत्र, संविधान एवं सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए चलाई जा रही मुहिम को मजबूती देने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। साथ ही ओबीसी वर्ग के अधिकारों की रक्षा, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस संगठन के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेसी दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, भारत ठाकुर, जनपद सभापति महेंद्र साहू, तरुण साहू, निर्मल जैन, ढेलू निषाद, विजय बंजारे, तबरेज खान, कपिल साहू, राजू साहू, अनीश राजवानी, अनुराग चंद्राकर, आकाश निषाद, युवराज साहू, गोपी पाटकर, ममता चंद्राकर, मोती साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।




# दो फीट नीचे नल कनेक्शन, फिर भी घरों में नहीं पहुंच रहा पानी



**महासमुंद।** शहर के सभी वार्डों में पेयजल संकट चरम सीमा पर है। तीन समय पानी केवल सपना बनकर रहा गया है। शहर के नागरिकों का कहना है कि दो समय ही नलों से पानी सप्लाई करें, लेकिन सही ढंग से पानी सप्लाई हो। उक्त बातें नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कही। उन्होंने कहा कि नयापारा वार्ड क्र. 5 बादल गली में पाइप लाइन से पानी ही आ रहा है। शहर का सबसे गरीब मजदूर वार्ड है, जहां लोग अपने झोपड़ी में जमीन के दो फीट नीचे गड्ढा कर नल कनेक्शन लिए है, उसके बाद भी पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उपाध्यक्ष राठी ने नयापारा के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष की इस भीषण गर्मी में पानी की बर्बादी न करे। टैंकर से पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जहां पानी नहीं आ रहा हो, संबंधित पार्षद को शिकायत कर तत्काल पानी टैंकर उपलब्ध कराए तथा जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार को कहा गया कि पानी की आपूर्ति सही करें। बोर के पंप खराब होने पर तत्काल दूसरा पंप से सप्लाई बहाल करें।

